उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा "टी.एफ.आर.आई. ट्राईको-कार्ड द्वारा सागौन के वनों में लगने वाले हानिकारक कीटों का जैविक नियंत्रण" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 13/08/2018)

"टी.एफ.आर.आई. ट्राईको-कार्ड द्वारा सागौन के वनों में लगने वाले हानिकारक कीटों का जैविक नियंत्रण" वन सुरक्षा प्रभाग, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा एक दिवसीय दिनांक 13/08/2018 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वन सुरक्षा प्रभाग द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री जे.के. मोहन्ती, भा.व.से., प्रबन्ध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम, भोपाल, विशिष्ट अतिथि श्री काली दुर्रई, भा.व.से., मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त जबलपुर, एवं डॉ. जी. राजेश्वर राव ए.आर.एस., निदेशक, श्री सी. बेहरा भा.व.से., कार्यालयाध्यक्ष, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में 30 प्रशिक्षणार्थियों (वनपाल, वनक्षेत्रपाल, उप वन मंडल प्रबंधक) ने प्रशिक्षण लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ0 पी0बी0 मेश्राम, वैज्ञानिक-जी/प्रभागाध्यक्ष/ पाठ्यक्रम समन्वयक, वन सुरक्षा प्रभाग द्वारा टी.एफ.आर.आई. ट्राईको-कार्ड द्वारा सागौन के वनों में लगने वाले हानिकारक कीटों का जैविक नियंत्रण एवं मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षणार्थियों की मांग पर सागौन रोपणी में लगने वाले व्हाईट ग्रब (सफेद गिडार) के नियंत्रण पर भी व्याख्यान दिया गया।

प्रयोगशाला (इन्सेक्ट्री) एवं सागौन क्षेत्र प्रदर्शन श्री नाहर सिंह मावई, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी एवं श्री राम भजन सिंह, तकनीकी अधिकारी द्वारा दिया गया। इसके पश्चात् सभी प्रशिक्षणार्थियों के साथ समूह परिचर्चा आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुभव एवं फीडबैक भी प्रशिक्षणार्थियों से लिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को संबंधित विषय पर अध्ययन सामग्री एवं प्रमाण पत्र भी दिए गए।

कार्यक्रम के अंत में आभार श्री ए.जे.के. असैया, वैज्ञानिक-बी द्वारा व्यक्त किया गया।

प्रशिक्षण की झलकियाँ

Oviposition box